दिनांक-14.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के जमुई में आयोजित हो रहे जनजातीय गौरव दिवस समारोह में भाग लेंगे।
- प्रदेष के बुधनी और विजयपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान षांतिपूर्ण संपन्न, मतगणना 23 नवंबर को।
- प्रदेश में खनिज के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए बनेंगे 41 ई-चेकगेट।
- प्रदेश में कल 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जाएगा।

पीएम-जनजाति गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के जमुई जाएंगे जहां वो जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लेंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

उप चुनाव

प्रदेश की दो विधानसभा सीटों बुधनी और विजयपुर में कल छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। सीहोर जिले की बुधनी सीट पर उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यहां 77 प्रतिषत से अधिक मतदान हुआ, वहीं विजयपुर में मतदान का प्रतिषत 78 रहा।  सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैतृक गांव जैत में सपरिवार वोट डाला। बुधनी विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग करने महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में मतादाताओं की सुबह से ही लम्बी कतारे देखी गई। मतदान केंद्रों पर महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालने पहुंचें। गौरतलब है कि श्री चौहान इस सीट से विधायक थे, सांसद बनने के बाद उन्होंने यहां से इस्तीफा दे दिया था। उधर विजयपुर में वन मंत्री राम निवास रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद उपचुनाव हुआ। रावत का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से है। बुधनी में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के सामने कांग्रेस ने राजकुमार पटेल को उतारा है। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

‘‘जनजातीय गौरव दिवस‘‘-शहडोल

मंत्री इंदर सिंह परमार ने महान जनजातीय गौरव एवं स्वाधीनता नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को शहडोल में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम, प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि जनजातियों के गौरवशाली इतिहास एवं पुरुषार्थ को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय एवं शहडोल स्थित पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय में जनजातीय शोध एवं अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए व्यापक कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

सिंहस्थ बैठक

उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ-2028 के शांति एवं गरिमापूर्ण आयोजन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की तैयारियां गति पकड़ रही हैं। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कल पुलिस मुख्यालय भोपाल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर चर्चा की। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ - 2028 विश्व का सबसे वृहद धार्मिक - सांस्कृतिक आयोजन होगा। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों का आगमन इस दौरान होगा। उन्होंने कहा कि क्राउड कंट्रोल और क्राउड मैनेजमेंट सिस्?टम बहुत ही सुदृढ़ होना चाहिए। क्राइम कंट्रोल, एंटी नेशनल एलिमेंट कंट्रोल तथा टेरेरिस्ट गतिविधियों पर सजग निगाहें रखना जरूरी है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी व्यक्तियों की परस्पर संचार व्यवस्था तथा अन्य विभागों से भी अच्छा सम्पर्क और समन्?वय होना अत्यावश्यक है। ड्रोन कैमरों तथा सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था होना जरुरी है।

मुख्यमंत्री-चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के खकराचौरई गांव में भेड़िए का साहस से सामना करने वाली भुजलो बाई को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से एक लाख रूपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल कर भुजलो बाई की कुशलक्षेम पूछी।

उल्लेखनीय है की फसल की रखवाली के दौरान छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा रेंज के अंतर्गत खकरा चौरई गांव के पास खेत में 65 वर्षीय भुजलो बाई और 55 वर्षीय दुर्गाबाई ने भेड़िए के हमले से अपना बचाव किया था।

ई-चेकपोस्ट

प्रदेश में अवैध परिवहन रोकने के लिये एआई आधारित 41 ई-चेकगेट की स्थापना की जा रही है। इन ई-चेकगेटों पर वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी लीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में शामिल वाहनों की जांच की जायेगी। परियोजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में खनिज परिवहन के लिये महत्वपूर्ण मार्ग के 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अवैध परिवहन की निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला भोपाल एवं रायसेन में जिला कमांड सेंटर स्थापित किये गये हैं। माह दिसम्बर तक सभी 41 ई-चेकगेट की स्थापना किये जाने का लक्ष्य है।

बाल दिवस

आज बाल दिवस है। हर साल देशभर में 14 नवंबर का दिन बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के मौके पर मनाया जाता है, क्योंकि उन्हें बच्चे बेहद प्रिय थे। बाल दिवस का दिन बच्चों की मासूमियत, जिज्ञासा, ऊर्जा और उत्साह का जश्न मनाने का दिन है। बाल दिवस पर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

राजस्व महाअभियान

प्रदेश में कल से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जाएगा। अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। महाअभियान को लेकर जिला और संभाग स्तर पर कलेक्टरों एवं कमिश्नर्स आवश्यक तैयारियों में जुटे हैं। अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।

विश्व मधुमेह दिवस

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। मधुमेह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मधुमेह की रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रभावी प्रबंधन और देखभाल तक समान पहुंच में व्यापक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को उजागर करने और लोगों को इस रोग के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भिंड जिले में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय नेटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें भोपाल, इंदौर, जनजाति विकास विभाग, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, और ग्वालियर संभाग के कुल 648 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।
- खंडवा में जिला स्तरीय स्वीमिंग प्रतियोगिता ‘‘महापौर ट्राफी‘‘ का आयोजन 17 नवम्बर को किया जा रहा हैं। स्विमिंग पूल का शुभारंभ प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किया गया है।
- 7 दिसम्बर को नर्मदापुरम में रीजनल कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसमें कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, खनिज और पर्यटन क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की जाएगी।
- प्रदेश के महेश्वर में लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 15 से 17 नवम्बर तक निमाड़ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

...................................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) उप चुनाव

प्रदेश की दो विधानसभा सीटों बुधनी और विजयपुर में कल छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। सीहोर जिले की बुधनी सीट पर उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यहां 77 प्रतिषत से अधिक मतदान हुआ, वहीं विजयपुर में मतदान का प्रतिषत 78 रहा। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैतृक गांव जैत में सपरिवार वोट डाला। बुधनी विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग करने महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में मतादाताओं की सुबह से ही लम्बी कतारे देखी गई। मतदान केंद्रों पर महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालने पहुंचें। गौरतलब है कि श्री चौहान इस सीट से विधायक थे, सांसद बनने के बाद उन्होंने यहां से इस्तीफा दे दिया था। उधर विजयपुर में वन मंत्री राम निवास रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद उपचुनाव हुआ। रावत का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से है। बुधनी में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के सामने कांग्रेस ने राजकुमार पटेल को उतारा है। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

(2) "जनजातीय गौरव दिवस"-शहडोल

मंत्री इंदर सिंह परमार ने महान जनजातीय गौरव एवं स्वाधीनता नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को शहडोल में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम, प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि जनजातियों के गौरवशाली इतिहास एवं पुरुषार्थ को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय एवं शहडोल स्थित पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय में जनजातीय शोध एवं अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए व्यापक कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

(3) मुख्यमंत्री-चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के खकराचौरई गांव में भेड़िए का साहस से सामना करने वाली भुजलो बाई को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से एक लाख रूपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल कर भुजलो बाई की कुशलक्षेम पूछी।

उल्लेखनीय है की फसल की रखवाली के दौरान छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा रेंज के अंतर्गत खकरा चौरई गांव के पास खेत में 65 वर्षीय भुजलो बाई और 55 वर्षीय दुर्गाबाई ने भेड़िए के हमले से अपना बचाव किया था।

(4) ई-चेकपोस्ट

प्रदेश में अवैध परिवहन रोकने के लिये एआई आधारित 41 ई-चेकगेट की स्थापना की जा रही है। इन ई-चेकगेटों पर वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी लीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में शामिल वाहनों की जांच की जायेगी। परियोजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में खनिज परिवहन के लिये महत्वपूर्ण मार्ग के 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अवैध परिवहन की निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला भोपाल एवं रायसेन में जिला कमांड सेंटर स्थापित किये गये हैं। माह दिसम्बर तक सभी 41 ई-चेकगेट की स्थापना किये जाने का लक्ष्य है।

(5) सिंहस्थ बैठक

उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ-2028 के शांति एवं गरिमापूर्ण आयोजन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की तैयारियां गति पकड़ रही हैं। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कल पुलिस मुख्यालय भोपाल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर चर्चा की। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ - 2028 विश्व का सबसे वृहद धार्मिक - सांस्कृतिक आयोजन होगा। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों का आगमन इस दौरान होगा। उन्होंने कहा कि क्राउड कंट्रोल और क्राउड मैनेजमेंट सिस्?टम बहुत ही सुदृढ़ होना चाहिए। क्राइम कंट्रोल, एंटी नेशनल एलिमेंट कंट्रोल तथा टेरेरिस्ट गतिविधियों पर सजग निगाहें रखना जरूरी है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी व्यक्तियों की परस्पर संचार व्यवस्था तथा अन्य विभागों से भी अच्छा सम्पर्क और समन्?वय होना अत्यावश्यक है। ड्रोन कैमरों तथा सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था होना जरुरी है।

(6) राजस्व महाअभियान

प्रदेश में कल से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जाएगा। अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। महाअभियान को लेकर जिला और संभाग स्तर पर कलेक्टरों एवं कमिश्नर्स आवश्यक तैयारियों में जुटे हैं। अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।

(7) बाल दिवस

आज बाल दिवस है। हर साल देशभर में 14 नवंबर का दिन बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के मौके पर मनाया जाता है, क्योंकि उन्हें बच्चे बेहद प्रिय थे। बाल दिवस का दिन बच्चों की मासूमियत, जिज्ञासा, ऊर्जा और उत्साह का जश्न मनाने का दिन है। बाल दिवस पर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

--------------------